भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1064** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **3 दिसम्बर**, 2021/12 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाना है

ग्रीनफील्ड बंदरगाहों का विकास

†1064. श्री मंगुटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

श्री कुरुवा गोरांतला माधव:

श्रीमती चिंता अनुराधा:

श्री मद्दीला गुरूमूर्ति:

श्री पी.वी.मिधुन रेड्डी:

श्री एन. रेड़डप्प:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) श्रीकाकुलम जिले मे भवनपाडु बंदरगाह, पूर्वी गोदावरी में काकीनाडा एसईजेड बंदरगाह, कृष्णा में मछलीपट्टनम बंदरगाह और प्रकाशम जिले में रामायपट्टनम बंदरगाह के प्रस्तावित चार गैर-प्रमुख ग्रीनफील्ड बंदरगाहों के विकास के लिए अब तक प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ख) आंध्र पद्रेश राज्य में अंतर्देशीय जलमार्ग नेटवर्क के विकास के लिए आज की तारीख में आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत, श्रीकाकुलम जिले में भवनपाडु पत्तन, पूर्वी गोदावरी में काकीनाडा एसईजेड पत्तन, कृष्णा में मछलीपट्टनम पत्तन तथा प्रकाशम जिले में रमायापट्टणम पत्तन के लघु ग्रीनफील्ड पत्तनों के विकास के लिए आंध्र प्रदेश सरकार को अभी तक कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की गई है।

(ख): आंध्र प्रदेश राज्य में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक आवंटित की गई वर्ष-वार निधियां (किए गए व्यय) अनुबंध में दी गई हैं।

अनुबंध:

राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू)	लंबाई (किमी)	व्यय (करोड़ रु. में)						अक्तूबर, 2021 तक
		2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
रा.ज.-4 के विजयवाड़ा-मुक्तयाला जलखंड में चरण-I कृष्णा नदी-वार्षिक योजना	82	2.57	0.96	14.78	20.8	4.41	3.62 (अनंतिम)	0.21

*****